an>

Title: Need to revive the Sone Valley Cements Limited in Jharkhand.

श्री विष्णु दयाल राम (पलामू) : मैसर्स सोन वैली सीमेंट्स लिमिटेड की स्थापना वर्ष 1921 में हुई थी। देश में यह एक प्राचीनतम वेट प्रोसेस सीमेंट प्लांट है। वर्ष 1992 से यह सीमेंट प्लांट बंद पड़ा हुआ है। परिणामस्वरूप हजारों मजदूर बेरोजगार हो गए हैं। वे भुखमरी के शिकार हो रहे हैं तथा काम के अभाव में पलायन के लिए मजबूर हो रहे हैं। यहाँ तक कि नक्सलियों के दस्ते में सम्मलित होने के लिए विवश हो रहे हैं।

मैं सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि इस फैक्टरी को शीघ्रतिशीघ्र खुलवाने की कृपा करें ताकि गरीब मजदूरों का जो बकाया है, उसका भुगतान हो सके और मजदूर पलायन के लिए मजबूर न हो एवं नक्सलियों के दस्ते में सम्मिलित होने के लिए विवश न हो। फैक्टरी खुलवाकर सरकार उनकी सभी मांगों को पूरा करे, यही अनुरोध है।